# BK Sudesh Didi Ji

## Joint Administrative head of Brahma Kumaris

Respected Brahma Kumari Sudesh Didi is currently serving as the Joint Administrator of the Prajapita Brahma Kumaris Ishwariya Vishwa Vidyalaya. She is also the Director of the "Academy for a Better World – Gyan Sarovar" in Mount Abu, as well as the Brahma Kumaris service centers located in Europe.

She was born in the year 1942. From her childhood, she had a deep interest in social service activities. Along with studying the religious scriptures of India, she earned a bachelor's degree in Political Science from Punjab University. During that time, at the young age of just 16, she also worked briefly as the headmistress of a girls' school.

In the year 1957, she came into contact with the Brahma Kumaris institution. At that time, she realized that serving humanity spiritually as a social worker is the true form of service. She is a talented speaker and, as a result, has had the honor of traveling across India and participating in numerous national and international conferences. Tirelessly, she has traveled to more than 75 countries, delivering lectures on various profound topics of spirituality and demonstrating their applicability in daily life.

In 1974, she was credited with opening the first Brahma Kumaris service center outside India, in London. She has delivered countless impactful lectures on topics such as Rajyoga Meditation and the creative capacities of the mind. Particularly, she excels in explaining the internal functioning of the mind in an interesting manner.

The discourses of Brahma Kumari Sudesh Didi are regularly broadcast on the Brahma Kumaris' "Peace of Mind" channel. Brahma Kumari Sudesh Didi is extremely famous both in India and abroad for her powerful, energetic, and scientific approach to topics such as positive thinking, stress-free living, life values, and the discovery of inner strength

# ब्र.कु. सुदेश दीदी

## संयुक्त मुख्य प्रशासिका

आदरणीय ब्रह्माकुमारी सुदेश दीदी वर्तमान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की संयुक्त मुख्य प्रशासिका होने के साथ ही माउण्ट आबू के एकेडमी फॉर ए बेटर वर्ल्ड-ज्ञान सरोवर और यूरोप स्थित सेवाकेन्द्रों की निर्देशिका भी हैं।

आपका लौकिक जन्म वर्ष 1942 में हुआ। बचपन से ही आपको समाज सेवा के कार्यों में बहुत रूचि थी। आपने भारत देश के समस्त धर्मग्रन्थों का अध्ययन करने के साथ ही पंजाब युनिवर्सिटी से पोलिटिकल साइन्स में स्नातक की डिग्री हासिल की है। उसी दौरान मात्र 16 वर्ष की अल्प आयु में थोड़े समय के लिए गर्ल्स स्कूल में प्रधान अध्यापिका के रूप में अध्यापन कार्य भी किया।

वर्ष 1957 में आप ब्रह्माकुमारी संस्थान के सम्पर्क में आए। तब आपने महसूस किया कि एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में मानवता की आध्यात्मिक सेवा करना ही सच्ची सेवा है। आप एक प्रतिभाशाल वक्ता है। फलस्वरूप समग्र भारत का परिभ्रमण कर अनेक राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने का गौरव आपको प्राप्त है। आपने अथक रूप से 75 से भी ज्यादा देशों की यात्रा कर अध्यात्म के कई गूढ़ विषयों पर व्याख्यान देकर दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता को प्रतिपादित किया है।

वर्ष 1974 में भारत के बाहर विदेश में ब्रह्माकुमारी संस्थान का पहला सेवाकेन्द्र लन्दन में खोलने का श्रेय आपको है। राजयोग मेडिटेशन और मस्तिष्क की रचनात्मक योग्यताओं के सम्बन्ध में अनगिनत प्रभावशाली व्याख्यान आप दे चुकी हैं। विशेषकर मस्तिष्क की आन्तरिक कार्यप्रणाली को रूचिकर ढंग से स्पष्ट करने में आप पारगंत हैं।

ब्रह्माकुमारी सुदेश दीदी के प्रवचनों का नियमित रूप से प्रसारण ब्रह्माकुमारी संस्थान के पीस ऑफ माइण्ड चैनल पर किया जाता है। सकारात्मक सोच, तनावमुक्त जीवनशैली, जीवन मूल्य और आन्तरिक शक्ति की खोज जैसे विषयों पर अपने प्रभावशाली, ओजस्वी एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए ब्रह्माकुमारी सुदेश दीदी देश-विदेश में अत्यन्त मशहूर हैं।


OM SHANT
Sr. Sudesh